MEDIA REPORT

PUBLICATION : DAINIK BHASKAR

EDITION : TALWANDI SABO

DATE : 1 AUG 2017 **PAGE NO.:**

धर्म | सरोवर की कारसेवा में लगाई जाएगी स्टील की जाली जिससे सरोवर की सीढ़ियों पर ही स्नान किया जा सके

सरोवर में रिफाइनरी प्रबंधकों ने जाली लगाने की ली जिम्मेदारी

भास्कर संवाददाता | तलवंडी साबो

सिखों के नौवें श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के पवित्र ऐतिहासिक गुरूसर सरोवर की चल रही कारसेवा में जहां उच्च धार्मिक और राजनैतिक शख्सियतें हर रोज पहुंचकर सेवा निभा रही हैं वहीं सोमवार को गुरू गोबिंद सिंह रिफाइनरी के प्रबंधकों ने पहुंच कर कारसेवा को देखा और पवित्र सरोवर के आसपास लगाई जाने वाली स्टील की जाली लगाने की सेवा की जिम्मेदारी लेने का ऐलान किया।

यहां बताना बनता है कि बुंगा मस्तूआना साहिब के प्रबंधकों की तरफ से करवाई जा रही उक्त कारसेवा में गुरू गोबिंद सिंह रिफाइनरी के एम.डी और सी.ई.ओ प्रभदास के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कारसेवा स्थल पर पहुंचा। जब बुंगा मस्तूआना के प्रमुख बाबा छोटा सिंह और मुख्य प्रबंधकों में से एक बाबा काका सिंह ने रिफाइनरी प्रबंधकों को बताया कि सरोवर की कारसेवा के साथ-साथ अब सरोवर के आसपास एक जाली लगाई जा रही है ताकि संगत सरोवर के बाहर वाली सीढ़ियों में ही स्नान करे और कोई भी सरोवर के अंदर तक न जा सके। उन्होंने बताया कि जाली लगने से सरोवर में किसी भी अनहोनी से बचाव हो सकेगा। इस पर रिफाइनरी सीईओ प्रभदास ने बुंगा मस्तूआना प्रबंधकों से इस सेवा को लेते हुए सरोवर के आसपास स्टील की जाली लगाने का सारा खर्चा रिफाइनरी की तरफ से उठाने का ऐलान किया जिसका संगत ने जयकारों से स्वागत किया।

बाबा छोटा सिंह, बाबा काका सिंह, भाई तेजा सिंह हैड ग्रंथी, भाई नारायण सिंह और भाई संत सिंह सचिव ने पहुंची समूची टीम को सम्मानित भी किया। इस मौके मनु सहगल, पंकज श्रीवास्तव, भाई ग्यान सिंह, भाई हरदीप सिंह रंमी, भाई सुक्खा सिंह गयाना, भाई पाल सिंह, भाई मक्खण सिंह, बाबा ज्ञान दास जवाल उदासीन संप्रदाय, भाई अवतार सिंह चोपड़ा पूर्व उप चेयरमैन, ज्ञानी नछत्तर सिंह जगा राम तीर्थ सीन:अकाली नेता हाजिर थे।

सरोवर की कारसेवा में प्रबंधकों की ओर से रिफाइनरी प्रबंधकों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया।

Refinery Management promises to provide steel mesh for Gurudwara pond

Talwandi Sabo, 1 Aug: The on-going repair work at the historic Gurusar *Sarovar* (pond) of the 4th Guru of Sikhs, Guru Teg Bahadur ji is attracting many political and other influential people. The Management Team of Guru Gobind Singh Refinery also visited the Gurudwara to see the ongoing work and offered to provide the steel mesh for the *sarovar.*

A delegation from Guru Gobind Singh Refinery, under the leadership of Mr. Prabh Das, MD & CEO, reached the spot where the Gurudwara priest Baba Chota Singh told that the repair work of the sarovar would also include a steel mesh to avoid any incident of drowning. On this, Mr. Prabh Das announced to provide the complete expenditure for putting up the steel mesh, which was welcomed by all.

Baba Chota Singh, Baba Kaka Singh, Bhai Tej Singh, Head Priest, Bhai Narayan Singh and Bhai Sant Singh thanked the entire team. Present on the occasion, Mr. Manu Sehgal, Pankaj Srivastava, Bhai Gyan Singh, Bhai Hardeep Singh Rammi, Bhai Sukha Singh Gyana, Bahi Pal Singh, Bhai Makhan singh, Baba Gyan Das, among others were present on the occasion.